देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 107 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
विरोध का उलटा असर



देहरादून, रविवार, 28 जुलाई 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 27.0°

79924.77

2 मोदी अगले महीने करेंगे यूक्रेन का दौरा

7 टेस्ट में भी मिलेगा नया उपकप्तान

# टिहरी में फिर हुआ भूस्खलन

## तिनगढ़ गांव में 15 मकान मलबे में दबे, तीन दिन तक स्कूल बंद

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में इस बार मॉनसून कहर बन कर बरस रहा है। पूरे प्रदेश में भारी बारिश हो रही है। पहाड़ से लेकर मैदान तक उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। कई पहाड़ी जिलों में मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, टिहरी इन सभी जिलों में भारी बारिश हो रही है। इतना ही नहीं, राज्य की सभी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। आलम ये है कि सभी नदियां अपने रौद्र रूप में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं भारी बारिश से लगातार पहाड़ भी टूट कर गिर रहे हैं। भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गईं। शनिवार को टिहरी के तिनगढ़ गांव में एक बार फिर भूस्खलन हुआ। इसमें 15 आवासीय मकान मलबे में दब गए। हालांकि प्रशासन ने सुबह ही इन घरों को खाली करा लिया था, जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों को विनकखाल इंटर कॉलेज में शिफ्ट किया गया है।

डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि आपदा को देखते हुए भिलंगना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों और कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल सोमवार, मंगलवार और बुधवार तक बंद रहेंगे।

ग्राम पंचायत भंगेली के गुणगा गांव में अतिवृष्टि से गांव के संपर्क मार्ग, दो पुलिया, पेयजल लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्राम प्रधान प्रवीन प्रज्ञान ने कहा कि रात को एक बजे के करीब आचनक आकाशीय बिजली की तेज गर्जन हुई, देखते ही देखते एक छोटे नाले ने एक नदी का रूप ले लिया जिसमें गांव की बहुत परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ है, जिसकी सूचना आपदा विभाग एसडीएम डीएम और क्षेत्रीय विधायक को दी गई है।

वहीं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकास खण्ड के बालगंगा क्षेत्र में रात को भूस्खलन से तोली गांव में एक मकान में मलवे से दो महिलाएं दबने की सूचना प्राप्त हुई थी। एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा खोज एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।



### सीएम ने राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश

शनिवार को ही टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के तोली गांव में भूस्खलन की चपेट में आए एक मकान के अंदर मां और बेटी दब गईं। जिससे दोनों की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने देर रात किसी तरह बाहर भाग कर जान बचाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकासखंड के बाल गंगा एवं बूढ़ा केदार में हुई भारी बारिश और भूस्खलन से हुई क्षति पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे एवं जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने घटना के प्रति दुख व्यक्त करते हुए टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटना स्थल पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा करने को कहा है।

## पहाड़ों पर बारिश से गंगा में भारी सिल्ट

हरिद्वार। रुक–रुक कर पहाड़ों पर भारी बारिश हो रही है। जिस कारण गंगा जल में भारी मात्रा में सिल्ट आ रही है। हरिद्वार गंगा नदी में सिल्ट आने से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने गंग नहर में पानी की आपूर्ति रोक दी है। नहर में गाद ना बढ़ जाए इसके लिए सिंचाई विभाग ने नहर में जल के प्रवाह को बेहद कम कर दिया है। इससे हरकी पैड़ी और उससे संबंधित सभी गंगा घाटों पर पानी बेहद कम हो गया है। कांवड़ यात्रा के बीच उत्पन्न इस स्थिति से शिव भक्त कांवड़ तीर्थ यात्रियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर उनमें आक्रोश है। हरकी पैड़ी पर वर्तमान में ढाई से तीन फीट जल है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग में भीषण हादसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। सिमथान–कोकेरनाग रोड पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे उसमें सवार 5 बच्चों सहित 8 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में 2 महिलाएं भी हैं। यह भी सामने आया है कि हादसे में जान गवांने वाले सभी लोग एक ही परिवार से थे।

### भाजपा के मुख्यमंत्रियों की दिल्ली में बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। बैठक पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री परिषद की यह बैठक दो दिन चलेगी। बता दें कि भाजपा नियमित अंतराल पर मुख्यमंत्री परिषद की बैठक का आयोजन करती है। उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना।

# यह बदलावों का दशक, भारत को उठाना चाहिए अवसरों का लाभ

## नीति आयोग की बैठक में बोले पीएम मोदी का स्पष्ट संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वह सीधे लोगों से जुड़े हैं। 2047 तक विकसित भारत हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। यह बात शानिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कही।

पीएम मोदी ने कहा कि यह दशक बदलावों का है, तकनीकी और भू–राजनीतिक के साथ–साथ अवसरों का भी है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। बता दें कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। इस सपने के लिए रोडमैप बनाने और केंद्र और राज्यों के बीच टीम इंडिया के रूप में टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार किया गया।

नीति आयोग की बैठक का विषय विकसित भारत 2047 है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। केंद्र और राज्य के बीच सहभागितापूर्ण शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी हस्तक्षेपों के वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

गौरतलब है कि नीति आयोग, भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण संस्थान है। इसका उद्देश्य देश के विकास के लिए नीतियां बनाना और राज्यों को सलाह देना है।

### 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत 2047 पर विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा हुई। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। बता दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और इसका लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है।

# ममता के दावे पर हो रही भारी सियासत

**संवाददाता**

नई दिल्ली। नीति आयोग की बैठक में ममता बनजी ने आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया और उनका माइक बंद कर दिया था। नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माइक को बंद करने का मामला गर्माता जा रहा है। अब इस मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्यमंत्रियों को पर्याप्त समय दिया गया। ममता बनर्जी का दावा पूरी तरह से झूठा है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता बनर्जी का यह दावा पूरी तरह से झूठ है कि उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया था। बैठक में प्रत्येक मुख्यमंत्री को बोलने के लिए उचित समय दिया गया था। सीएम ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं। हम सभी ने उनकी बात सुनी। प्रत्येक सीएम को आवंटित समय दिया गया था। हर टेबल के सामने लगी स्क्रीन पर भी यह दिख रहा था। उन्होंने (ममता) मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह से झूठ है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, सभी को पर्याप्त समय दिया गया।

### आरोप

■ममता बनर्जी ने किया माइक बंद करने का दावा

### नीति आयोग के सीईओ ने तोड़ी चुप्पी

अब इस विवाद पर नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम की सफाई आई है और उन्होंने ममता बनर्जी के दावे को खारिज कर दिया है। नीति आयोग के सीईओ ने दावा किया कि हर मुख्यमंत्री को बोलने के लिए सात मिनट का समय दिया जाता है। जब ममता बनर्जी के बोलने का समय पूरा हो गया तो उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय और बोलना चाहती थी, लेकिन अब नहीं बोलूंगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पहाड़ी इलाकों में जमकर हो रही है बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देशभर में मॉनसून अपने पूरे शबाब पर है, ज्यादातर राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है। दिल्ली– एनसीआर में रुक–रुक कर हो रही बारिश से उमस भरी गर्मी काफी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी दिल्ली में दिनभर बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बारिश होने की संभावना भी बनी रहेगी।

### यूपी, राजस्थान, हरियाणा में भी बारिश का सिलसिला जारी

उधर उत्तराखंड में गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश जारी है। ऐसे में गंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे में बाढ़ की संभावना बढ़ गई है।

वहीं मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। इन तीनों राज्यों सहित कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। बिहार के अधिकांश जिले के लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खेत सूखने लगे हैं। रोपी जा चुकी धान की फसल झुलसने की ओर बढ़ रही है। शिमला मौसम कार्यालय ने 30 जुलाई तक राज्य के 12 में से आठ जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

## न्यूज डायरी



### भारत ने स्थगित किया मालदीव का 50 मिलियन डॉलर का कर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। भारत ने मालदीव को राहत देते हुए 50 मिलियन अमरीकी डॉलर का कर्ज फिलहाल स्थगित कर दिया है। भारत सरकार ने मालदीव का फूड कोटा भी बढ़ाने का फैसला लिया है। मालदीव के 59वें स्वतंत्रता दिवस (26 जुलाई) के अवसर पर हुए एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने खुद ये जानकारी दी है। मुइज्जू ने कहा कि भारत ने पहले ही 50 मिलियन डॉलर का कर्ज पोस्टपोन कर दिया है। साथ ही भारत सरकार की ओर से फूड कोटा भी अगले दो वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पद संभालने के बाद भारत विरोधी रुख दिखाया था लेकिन कुछ समय बाद उनके तेवर बदल गए थे। इस साल मार्च में मुइज्जू ने भारत को मालदीव का निकट सहयोगी कहते हुए ऋण राहत प्रदान करने का आग्रह किया था। बीते साल के अंत तक मालदीव पर भारत का करीब 400.9 मिलियन डॉलर बकाया था। पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति बनने के बाद से चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के प्रति सख्त रुख अपनाया। राष्ट्रपति पद पर बैठने के कुछ ही घंटों के भीतर ही उन्होंने मांग की थी कि तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाया जाए। हालांकि इस साल दुबई में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद उनके रुख में बदलाव दिखा था।

### रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार का यांगून तीसरा सबसे खतरनाक शहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान चाहता है कि उसके देश में विदेशी पर्यटक आए, लेकिन फोर्ब्स एडवाइजर की एक लिस्ट ने उसके इस मंसूबे पर पानी फेर दिया है। फोर्ब्स एडवाइजर लिस्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजधानी कराची दुनिया का दूसरा सबसे खतरनाक शहर है। कराची को 100 में से 93.12 रेटिंग के साथ पर्यटकों के लिए दुनिया का दूसरा सबसे जोखिम भरा शहर माना गया है। यानी कराची में अपराध, हिंसा, आतंकवादी खतरे, प्राकृतिक आपदाओं का डर काफी ज्यादा है। बता दें कि महंगाई और आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में लूटपाट और गोलीबारी का घटना आम है। कई रिपोर्ट्स सामने आ चुके हैं, जिसमें बताया गया है कि कराची रहने लायक शहर नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को पाकिस्तान में कराची के रक्षा क्षेत्र में दो समूहों के बीच एक-दूसरे पर गोलीबारी के बाद पांच लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, लिस्ट में वेनेजुएला के काराकास को दुनिया का सबसे खतरनाक शहर माना गया है। इसे 100 में 100 स्कोर दिया गया है। म्यांमार का यांगून तीसरा सबसे खतरनाक शहर है। रिपोर्ट ने यह भी जानकारी दी है कि दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर कौन है। दुनिया के सबसे सुरक्षित शहरों में सिंगापुर है। सिंगापुर को 100 में से शून्य अंक मिले हैं।

### नरेंद्र मोदी अगले महीने करेंगे यूक्रेन का दौरा, दुनिया की निगाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने, अगस्त में यूक्रेन का दौरा कर सकते हैं। करीब ढाई साल पहले 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरुआत के बाद से कीव की उनकी ये पहली यात्रा होगी। विओन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त के तीसरे सप्ताह में 23 अगस्त को नरेंद्र मोदी के यूक्रेन जाने की उम्मीद है। इसकी दिल्ली के राजनयिक हलकों में कई सूत्रों ने पुष्टि की है। इस साल की शुरुआत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत कर उनको इस यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि जेलेंस्की ने मोदी के हालिया रूस दौरे पर काफी सख्त लहजे में उनकी आलोचना की थी। ऐसे में दोनों नेताओं की मुलाकात पर दुनियाभर की नजर रहेगी। नरेंद्र मोदी के दौरे के लिए इस महीने की शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत हुई है। विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ और एनएसए अजीत डोभाल ने अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री यरमक से टेलीफोन पर बातचीत की है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि ये बातचीत हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने पर आधारित थी।

# चीनी विदेश मंत्रालय की बड़ी चालबाजी!

**बैठक**

## सीमा विवाद खत्म करने के लिए भारत के मान जाने का किया दावा

भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की हुई मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बीजिंग। भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के एक दिन बाद चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से आए बयान ने विवाद पैदा कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में दावा किया गया है कि भारतीय पक्ष विवाद को खत्म करने के लिए ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बड़े कदम उठाने के लिए तैयार है। भारत ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और दूसरे मतभेदों का समाधान खोजने के लिए रणनीतिक और खुला नजरिया अपनाया है। चीन का ये बयान भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी स्टेटमेंट से मेल नहीं खाता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या ये चीन की कोई नई चालबाजी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी पक्ष की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में ऐसे वाक्यांश का इस्तेमाल किया गया है, जो लाओस की घटनाओं की गलत धारणा देते हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के बाद शुक्रवार रात भारतीय पक्ष ने भी अपना पक्ष रखा था। भारत में सूत्रों ने कहा है कि चीनियों ने अपने बयान में अपने हिसाब से शब्दों का इस्तेमाल किया है, जो उनकी एक पुरानी आदत रही है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने मुद्दों के समाधान के विकल्पों के बारे में बताते हुए अपने स्टेटमेंट में कहा है कि भारतीय पक्ष मतभेदों का समाधान खोजने और द्विपक्षीय संबंधों को सकारात्मक और रचनात्मक रास्ते पर वापस लाने के लिए ऐतिहासिक, रणनीतिक और खुला दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार है। ये भारत के वर्जन से मेल नहीं खाता है और सूत्रों की मानें तो चीन को ऐसी कोई बात भारत की ओर से नहीं कही गई है।

भारतीय पक्ष की ओर से जानी बयान में विदेश मंत्री जयशंकर के हवाले से कहा गया था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हो कुछ हुआ है, उसने पिछले चार वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों पर असर डाला है। बयान में कहा गया है कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चल रहे सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों ने तत्काल कदम उठाने पर जोर दिया है।

इस बैठक के संबंध में एस जयशंकर ने कहा कि संबंधों को स्थिर करना ही दोनों देशों के हित में है। उन्होंने वांग यी से भारत और चीन संबंधों को फिर से बहाल करने की राह में सीमा विवाद को मुख्य वजह बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर जैसे हालात होंगे वैसे ही हमारे रिश्तों में भी दिखेगा। ऐसे में इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## डोभाल ने किया म्यांमार का दौरा, हिंसा को लेकर व्यक्त की चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नेपीता। म्यांमार के प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग हलेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की हैं। दोनों के बीच सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उपायों को लेकर चर्चा हुई। दरअसल, डोभाल बंगाल की खाड़ी पहल के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए म्यांमार में पहुंचे थे। यह बैठक बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए की गई थी।

राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष आंग हलाइंग ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में डोभाल का स्वागत किया। सरकारी स्वामित्व वाले समाचार पत्र द ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और सहयोग, म्यांमार की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र और निष्पक्ष बहुदलीय लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उपायों पर सौहार्दपूर्ण ढंग से विचारों का आदान-प्रदान किया।

अखबार ने कहा कि म्यांमार भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने का प्रयास कर रहा है। दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा है जो मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है।



बचपन में माता-पिता का तलाक, ब्लाइंड डेट के बाद की शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। जो बाइडन अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार के पद से बाहर हो गए हैं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए कमला हैरिस को चुना गया है। पार्टी की सबसे प्रबल दावेदार बनकर उभरीं कमला हैरिस अब अपने चुनाव अभियान में जोरों-शोरों में जुट गई है। दरअसल, शनिवार को उन्होंने आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए एक फॉर्म पर हस्ताक्षर किए। कमला हैरिस देश की पहली भारतीय अमेरिकी सीनेटर और कैलिफोर्निया की पहली महिला और दक्षिण एशियाई अटॉर्नी जनरल थीं। हैरिस उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला हैं, साथ ही वे इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत या एशियाई अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। अगर हैरिस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतती है तो वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति भी हो जाएंगी।

# इजरायल ने गाजावासियों को सुनाया नया फरमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजा। हमास के खिलाफ इजरायल लगातार गाजा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। हालांकि, इजरायल सैनिकों के जरिए किए जा रहे हमलों की वजह से कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। भारत, अमेरिका सहित दुनियाभर के कई देशों ने गाजा में मारे जा रहे निर्दोष लोगों पर चिंता जाहिर की है।

इसी बीच इजरायल ने गाजा में आदेश पारित किया है कि लोग भीड़-भाड़ वाले इलाकों से दूर रहें। बता दें कि इस इलाके को मानवीय क्षेत्र के रूप में चुना गया है। यानी इस क्षेत्र पर इजरायी सेना कार्रवाई नहीं कर



सकती है।

इजरायल खान यूनिस शहर में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान की योजना बना रहा है, जिसमें मुवासी के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। बता दें कि मुवासी में कई शिविर बनाए गए हैं, जहां हजारों लोग रह रहे हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के खान यूनिस के आसपास कई इजरायली हवाई हमले हुए, जिसमें कम से कम 70 लोग मारे गए।

फलस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में युद्ध की वजह से अब तक 39,100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने फरवरी में अनुमान लगाया था कि क्षेत्र में लगभग 17,000 बच्चे अनाथ हो चुके हैं। युद्ध की शुरुआत 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले से हुई, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे। हमास ने लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, लगभग 115 लोग अभी भी गाजा में हैं, उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है।

### गोताखोरों को मिला खोया हुआ खजाना


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। बाल्टिक सागर की गहराई में डूबा हुआ 171 साल पुराना जहाज खोजा गया है, जो बोतल में बंद शैंपेन से भरा हुआ है। यह जहाज 19वीं सदी का है। स्वीडन के तट पर खोज करने वाले पोलिश गोताखोरों की टीम के मुताबिक लंबे समय से पानी में डूबा यह जहाज लग्जरी शराब से भरा हुआ है। मलबे को खोजने वाली बाल्टिकटेक गोताखोरी टीम के लीडर टोमाज स्टैचुरा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जहाज का मलबा शैंपेन, मिनरल वाटर और चीनी मिट्टी के बर्तनों से भरा हुआ है। फर्म की वेबसाइट के मुताबिक वह बाल्टिक सागर में सबसे सक्रिय मलबा गोताखोरों में से एक है और अब तक हजारों मलबे की तस्वीरें ली है। लेकिन यह हालिया खोज अलग थी। उन्होंने बताया कि इस जहाज पर लगभग 100 बोतलें मिली हैं।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# छोटी गाड़ियों के लिए खुला गौरीकुंड हाईवे, 2500 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू

**राहत**

## भारी बारिश के कारण बाधित हो गया था गौरीकुंड हाईवे



**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। भारी बारिश के चलते सोन प्रयाग स्थित सोन नदी का बहाव इन दिनों बेहद तेज हो गया है। शनिवार को तेज बहाव के चलते सोनप्रयाग स्थित शटल सेवा पार्किंग के समीप सड़क का एक हिस्सा बह गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने बाधित मार्ग को खोलते हुए करीब 2500 श्रद्धालुओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। वहीं यात्रा सुचारू करने के लिए पहाड़ की कटिंग कर छोटी गाड़ियों के लिए रास्ता तैयार कर लिया गया है। वहीं सुरक्षा दीवार का कार्य भी शुरू कर दिया गया है ताकि जल्दी बड़े वाहनों के लिए भी यातायात शुरू हो सके।

उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग सोनप्रयाग शटल सेवा के पास सोन नदी के तेज बहाव के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण यातायाता बाधित हो गया था। उन्होंने अवगत कराया है कि सूचना प्राप्त होते ही अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह, सिंचाई विभाग एवं वह स्वयं मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण तत्काल विद्युत विभाग को सूचित करते हुए विद्युत आपूर्ति को बाधित करते हुए क्षतिग्रस्त पोल को हटवाया गया एवं शटल सेवा के ऊपर से आए मलबे को भी जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त रोड़ पर जेसीबी के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए छोटे वाहनों की आवाजाही हेतु यात्रा मार्ग सुचारू कर दिया गया है तथा बड़े वाहनों की आवाजाही हेतु कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ समय के लिए यात्रियों को रोक दिया गया था तथा यात्रा मार्ग पर लगभग ढाई हजार यात्री जो फंसे हुए थे उन्हें निकाल दिया गया है तथा दोनों तरफ से यात्रियों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने अवगत कराया है कि वह भी यात्रा मार्ग पर मौजूद हैं तथा यात्रा संचालित हो रही है एवं जहां भी कहीं पर मलबा आने एवं रोड़ बाधित होने पर एनएच के द्वारा जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाने की कार्यवाही बाधित हो रहे सड़क मार्ग को आवाजाही हेतु खोल दिया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### पेशनरों से सीबीएस खाता कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली पेंशन (वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा तथा किसान पेंशन) का लाभ ले रहे समस्त पेंशनरों को उनके खाते में आधार सीडिंग करना अनिवार्य है ताकि पेंशन का भुगतान सरलता एवं पारदर्शता के साथ किया जा सकें। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि ऐसे पेंशनर जिनको नॉन सीबीएस खातों के माध्यम से पेशन का भुगतान हो रहा है उन्होंने ऐसे पेशनरों से सीबीएस खाता कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की है साथ ही जिन लाभार्थियों के आधार नम्बर व मोबाइल नम्बर अप्राप्त है वह जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में यथाशीघ्र उपल्ब्ध कराने को कहा है ताकि सम्बंधित को पारदर्शिता के साथ पेंशन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

### बटालियन मुख्यालय पिथौरागढ़ में किया जाएगा भर्ती का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। 130 इन्फैन्ट्री बटालियन (टीए) पर्यावरण कुमाऊं में 26 अगस्त से भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। कमान अधिकारी 130 इन्फैन्ट्री बटालियन द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भर्ती का आयोजन बटालियन मुख्यालय पिथौरागढ़ में किया जाएगा। 26 अगस्त को प्रमाण पत्रों की जांच व शारीरिक परीक्षण तथा 27 अगस्त से 01 सितम्बर तक मेडिकल व इन्टरव्यू लिया जाएगा। विभिन्न ट्रेडों के कुल 129 पदों पर होने वाली भर्ती में जेसीओ के 2, सिपाही के 116, रसोइया व कारपेन्टर के 03–03, सफाईकर्मी, धोबी, दर्जी तथा तकनीशियन के 1–1 पद शामिल हैं। भर्ती में केवल उत्तराखण्ड राज्य के पूर्व सैनिक तथा भूतपूर्व महिला कर्मी( जो कि र्पयावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण या राज्य वन विभग, उत्तराखण्ड में न्यूनतम बीस साल सेवा प्रदान कि हो वही शामिल सकते हैं। आवदेनकर्ता ऑनलाइन नांमाकन और पात्रता मापदंड की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### जवाडी में 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती बनाने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाडी में 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने बताया कि 29 जुलाई से 07 अगस्त, 2024 तक विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाडी में एनआरएलएम द्वारा गठित समूहों के लिए 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## व्यापारियों को बीमा सुरक्षा मुहैया कराएगी अखिल उद्योग व्यापार मंडल

**संवाददाता** हल्द्वानी। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी सम्मेलन शनिवार को नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में हुआ। सम्मेलन में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर सभी व्यापारिक संगठनों को एक मंच पर लाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि व्यापारियों की हर परेशानी में संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। संगठन प्रदेश में संगठन से जुड़े प्रत्येक व्यापारी को बीमा की सुरक्षा मुहैया कराएगा।

व्यापारी सम्मेलन का मुख्य अतिथि संगठन के उत्तराखंड प्रभारी करण सिंह यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव व संभल जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तराखंड में व्यापारियों के हित प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए राज्य सरकार से भी संगठन वार्ता करेगा। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त की शाम व्यापारियों के नाम होगी। इस दिन अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की ओर से व्यापारी हित में पहली बार व्यापारियों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा की जाएगी। प्रदेश सह प्रभारी अतुल गुप्ता ने कहा कि व्यापारी हित में सभी व्यापारिक संगठनों को एक मंच लाना संगठन की पहली प्राथमिकता है। नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न डिंपल पांडे, महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल, नगर अध्यक्ष दिगंबर भोजक, महामंत्री बालम सिंह जोशी आदि ने भी विचार रखे।



### ट्राइल के अंतिम दिन 51 बालक व 34 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता** चमोली। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना के तहत खेल मैदान गोपेश्वर में आयोजित ट्राइल के अंतिम दिन 08 से 14 वर्ष के 51 बालक व 34 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रतिभागियों की 600 मीटर दौड, 30 मीटर फ्लांइग स्टार्ट, 6 इनटू 10 शटल रन, मडिसिन बॉल थ्रो, फारवर्ड बैण्ड रीच और स्टैडिंग ब्राड जम्प में शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृति योजना में चयनित छात्र को प्रतिमाह 1500 की धनराशि दी जाती है। चयन प्रक्रिया में समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार,जयबीर रावत,राजपाल सिंह,उत्तम सिंह, देवेन्द्र सिंह, ताजबर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं के शारीरिक प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था से नाराज कांग्रेसियों ने उप नगर आयुक्त को घेरा

**संवाददाता।**

■व्यवस्था ठीक होने की बजाय बिगड़ती जा रही: कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था के मुद्दे को लेकर उप नगर आयुक्त का घेराव किया। सभी ने इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि बरसात के दिनों में भी सफाई का काम ठीक से नहीं हो पा रहा। व्यवस्था ठीक होने की बजाय बिगड़ती जा रही है।

पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि आखिर हर माह ढाई करोड़ रुपये का बजट खर्च करने के बाद भी वार्डों में सफाई व्यवस्था क्यों नहीं सुधर पा रही। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न इलाकों से बड़े डस्टबिन, भूमिगत कूड़ेदान तो हटवा दिए। लेकिन डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए नियमित रूप से सफाई वाहन नहीं चल रहे। कई इलाकों में तीन से चार दिन में एक बार वाहन पहुंच रहे हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर अनुबंधित तीनों कंपनियों को नए सफाई वाहन उपलब्ध करवाए हैं। लेकिन कंपनियां अब मनमानी पर उतर आई हैं।

उन्होंने कहा कि नगर निगम निजी कंपनियों पर बहुत ज्यादा निर्भर होता जा रहा है। सफाई वाहनों की मॉनीटरिंग और जागरूता अभियान के नाम पर हर महीने लाखों रुपये का बजट खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा कि मॉनीटरिंग और जागरूकता के नाम खानापूर्ति करने पर रोक लगे और शिकायतों के आधार पर कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वाल्मीकि समाज कल्याण समिति के प्रदेश महामंत्री सोम प्रकाश वाल्मीकि ने कहा कि यदि तत्काल प्रभाव से नगर निगम ने व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो जल्द नगर निगम में धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने निगम के कर्मचारियों की बीमा करने की मांग उठाई।

इस दौरान पूर्व पार्षद अर्जुन सोनकर, निखिल कुमार, अनूप कपूर, दीप बोहरा, पीयूष गौड़, आशू रतूड़ी, विनोद कुमार, सुरेश पारछे, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने शुरू किया कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज झाकोली, रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड में प्रोजेक्ट गौरव (गिविंग ऑफ एडिशनल उपस्किलिंग रिसोर्सेज एंड वैल्यू)के तहत कौशल विकास ऑन–ग्राउंड प्रशिक्षण सत्र शुरू किया है। एनएसई और उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार के बीच हाल ही में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट में, वित्तमंत्री, निर्मला सीतारमण ने शीर्ष 500 कंपनियों में रोजगार योग्य युवाओं के लिए एक नई इंटर्नशिप योजना की घोषणा की थी। कौशल विकास और भविष्य के लिए कौशल के साथ रोजगार योग्य युवाओं को तैयार करना केंद्रीय बजट 2024 के प्रमुख विषयों में से एक है। प्रोजेक्ट गौरव सरकार के उद्देश्य के अनुरूप है।

*सफलता तुम्हारा परिचय दुनिया से करवाती है और असफलता तुम्हें दुनिया का परिचय करवाती है। –अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# विरोध का उलटा असर

**विभिन्न राजनीतिक दलों के अंदर चाहे जैसा भी विचार मंथन हो रहा हो, यह आदेश आबादी के एक बड़े हिस्से में भ्रम और आशंका पैदा कर सकता है। एक समुदाय विशेष के मन में यह भाव गहरा हो सकता है कि सरकार धंधा–पानी करने के उसके अधिकार पर कुठाराघात करना चाहती है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

जिसे उत्तर प्रदेश के एक जिला प्रशासन का स्थानीय स्तर पर लिया गया फैसला माना जा रहा था, वह तेज होते विरोध के बीच न केवल पूरे राज्य में बल्कि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के हरिद्वार में भी लागू कर दिया गया। इस आदेश के मुताबिक, कांवड़ यात्रा के पूरे रूट पर दुकान लगाने वाले तमाम लोगों के लिए अपनी पहचान सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

इस आदेश को लेकर किस तरह का असमंजस फैला है, इसका अंदाजा ठश्रच के ही एक प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की प्रतिक्रिया से मिलता है। शुरू में इस आदेश के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्होंने कहा, 'कुछ अति उत्साही अधिकारियों के आदेश... छुआछूत की बीमारी को बढ़ावा दे सकते हैं।'



विरोध करने वालों में नकवी अकेले नहीं थे। विपक्षी दलों के अलावा छक। के सहयोगी दलों के नेताओं की ओर से भी इसके विरोध की आवाज उठी थी। माना जा रहा था कि विरोध के बाद जिला स्तर पर हुए इस फैसले को वापस ले लिया जाएगा। लेकिन कुछ घंटों के अंदर पूरे राज्य में इस आदेश को लागू करने का निर्णय घोषित हो गया। इसके बाद नकवी भी अपना रुख पलटते दिखे। उनका कहना था कि शुरू में उस फैसले ने कुछ कन्फ्यूजन फैलाया था, लेकिन अब सरकार ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। इस फैसले का विरोध करने की अब कोई वजह नहीं है।

विभिन्न राजनीतिक दलों के अंदर चाहे जैसा भी विचार मंथन हो रहा हो, यह आदेश आबादी के एक बड़े हिस्से में भ्रम और आशंका पैदा कर सकता है। एक समुदाय विशेष के मन में यह भाव गहरा हो सकता है कि सरकार धंधा–पानी करने के उसके अधिकार पर कुठाराघात करना चाहती है। चाहे जितने भी मासूम अंदाज में पेश किया जाए, पहचान बताने के इस आदेश का असर खास समुदाय के आर्थिक बहिष्कार के ही रूप में सामने आएगा। यह आशंका भी निराधार नहीं कि अलग पहचान वाले दुकानदारों पर कुछ असामाजिक और सांप्रदायिक तत्व कांवड़ियों के वेश में हमला कर दें, उनकी दुकानें लूटने लग जाएं।

कांवड़ियों की शुचिता के तर्क के पीछे यह गलत मान्यता काम कर रही है कि किसी अन्य समुदाय के हाथ का छुआ खाने से किसी श्रद्धालु का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। कानून व्यवस्था का तर्क भी उचित नहीं क्योंकि इससे पहले इस आदेश के बगैर भी कांवड़ यात्रा सुरक्षित माहौल में होती रही है। संक्षेप में, ऐसे आदेश हमारे संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। इन्हें वापस लेने में देर करना ठीक नहीं।

## सावधान रहना बेटे

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** कुछ लोग, अपने तुच्छ ज्ञान की वजह से, शास्त्रों में लिखी चेतावनियों को भी, नजरअंदाज करके अपने जीवन का सर्वनाश कर बैठते हैं। ऐसी ही कहानी इंजीनियर लड़के विजय की है। विजय आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर चुका था और अब उसे तलाश थी, एक अच्छी नौकरी की। विजय पढ़ाई में बहुत होनहार छात्र था, इसलिए उसे अपने ऊपर पूरा भरोसा था, कि उसे एक अच्छी नौकरी जरूर मिल जाएगी। अब परीक्षा खत्म होते ही, विजय अपने पहले साक्षात्कार के लिए खूब तैयारियां करता है। विजय अच्छी तरह जानता है, कि अगर उसने यह नौकरी प्राप्त कर ली, तो वह सफलता की पहली सीढ़ी चढ़ जाएगा। विजय साक्षात्कार के लिए, अपना बायोडाटा लेकर निकल जाता है। रास्ते में अचानक, उसे एक तेजस्वी बाबा मिलते हैं, वह उसे रोक लेते हैं और अपने पास बुलाते हैं और उसके मस्तिष्क को देखकर कहते हैं, "तेरा काल सर्प दोष प्रारंभ हो चुका है, सावधान रहना बेटे।

## संपादकीय

### आकांक्षाओं को पंख

वैश्विक मंच पर मोदी की कूटनीति ने भारत की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय भूमिका निभाने की आकांक्षाओं को पंख दिए हैं। अब उसे एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो ग्लोबल गवर्नेंस में योगदान करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। मोदी ने दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव की प्रकृति को बदल दिया है। आज किसी भी अन्य प्रमुख शक्ति की तुलना में, भारतीय अपने भविष्य को आकांक्षापूर्ण दृष्टि से देखते हैं। मोदी न केवल उस भावना को प्रभावी ढंग से भुनाने में सफल रहे हैं, बल्कि एक तरह से उस आकांक्षा को अपनी छवि में ढाल चुके हैं। वैश्विक व्यवस्था में यह एक महत्वपूर्ण पल है। उभरती हुई वैश्विक व्यवस्था में भारत की केंद्रीयता अब अच्छी तरह से स्थापित हो चुकी है। मोदी सरकार की निरंतरता एक तरह से भारत के सहयोगियों और विरोधियों को भी यह मौका दे रही है कि वे नई दिल्ली के साथ अपने रिश्तों का नए सिरे से मूल्यांकन कर सकते हैं।

ऐसे समय में जब दुनिया कई चुनौतियों से जूझ रही है और वैश्विक नेतृत्व जवाब देने में हांफ रहा है, भारत की ओर से निरंतरता का यह संदेश बहुत मायने रखता है।

# निरंतरता का संदेश

हर्ष वी पंत।।

पिछले दिनों जी7 शिखर बैठक में मिले नेताओं की घरेलू चुनौतियों पर एक नजर डालें। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए डॉनल्ड ट्रंप परेशानी खड़ी कर रहे हैं। फ्रांस में मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद के चुनावों में झटका लगा तो उन्होंने संसदीय जल्दी चुनाव करा लिए और उसमें भी झटका खाया। ईयू चुनाव में जर्मन चांसलर का प्रदर्शन भी खराब रहा, लेकिन उन्होंने कोई जोखिम मोल नहीं लिया। ऋषि सुनक को अगले महीने के चुनावों में हार के आसार दिखाई दे रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो करीब एक साल से ओपिनियन पोल्स में पीछे चल रहे हैं। इन सबसे अलग खड़े नजर आते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो तीसरा कार्यकाल जीतने के बाद इस साल लगातार पांचवें जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने अपने सभी प्रमुख कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखकर निरंतरता का एक मजबूत संदेश दिया। ऐसे समय में जब दुनिया कई चुनौतियों से जूझ रही है और वैश्विक नेतृत्व जवाब देने में हांफ रहा है, भारत की ओर से निरंतरता का यह संदेश बहुत मायने रखता है।



आज दुनिया की तमाम बड़ी ताकतों में हाल के वर्षों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र प्रतिस्पर्धा दिख रही हैं। नई ताकतें भी अपनी जगह तलाशने को लेकर बेचौन हैं। परस्पर विरोधी गुटों के बनने से दुनिया एक अलग तरह से, लेकिन शीत युद्ध के दिनों में वापस जा रही है। ऐसे में जब वैश्विक संस्थाओं की सबसे ज्यादा जरूरत थी, वे पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही हैं।

इस व्यापक वैश्विक उथल–पुथल के समय में भारत आशा की किरण के रूप में सामने आया है। यह आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जहां लोकतांत्रिक स्थिरता भी है। लंबे समय तक, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को उस पर एक बोझ के रूप में देखा जाता रहा। लेकिन वही संस्थागत ताना–बाना है जो आज गुणात्मक रूप से अलग प्रभाव पैदा कर रहा है।

चीन की बढ़ी हुई आक्रामकता ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक दुनिया के लिए अपनी प्राथमिकता को रेखांकित करने की जरूरत बढ़ा दी है। यूक्रेन–रूस युद्ध ने यूरोप को एक बार फिर भू–राजनीति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। वैश्विक स्तर पर रूस–चीन धुरी मजबूत हो गई है।

इस संदर्भ में अमेरिका महत्वपूर्ण तकनीकों तक चीन की पहुंच रोकने और उस पर निर्भरता कम करने के लिए नीतिगत कदम उठा रहा है। इसका अहम हिस्सा है वैकल्पिक सप्लाई चेन तैयार करना। जाहिर है, अमेरिका समान विचारधारा वाले देशों के साथ नई साझेदारी की जरूरत को पहचानता है। लेकिन विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी अपनी चिंताओं के मद्देनजर उसका खास उद्योगों में सप्लाई चेन के पुनर्गठन पर जोर देना वैश्वीकरण में एक नए चरण की शुरुआत का संकेत है।

अनियंत्रित आर्थिक वैश्वीकरण की ताकतें एक समय भले सभी वैश्विक समस्याओं के लिए रामबाण मानी जाती रही हों, अब पीछे हट रही हैं। अब पारस्परिक निर्भरता को हथियार बनाया जा रहा है। अगर उभरती हुई तकनीकें भू–राजनीति के अगले चरण को निर्धारित करने जा रही हैं, तो सप्लाई चेन का ध्रुवीकरण नई वास्तविकता है जिसका नीति–निर्माताओं और बाजार की ताकतों को सामना करना होगा।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagratidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### क्षमता को मजबूत करना प्राथमिकता

**मोहन।** आने वाले वर्षों में भारत की पहली प्राथमिकता होगी आंतरिक तौर पर अपनी क्षमता को मजबूत करना ताकि वह पेइचिंग के नापाक इरादों का बेहतर ढंग से सामना कर सके। इसके साथ ही गंभीर साझेदारियां कायम करनी होंगी। पीएम मोदी के प्रयासों की बदौलत साझेदारी के सवाल पर भारत का नजरिया अतीत की जकड़न से मुक्त हो चुका है। वह आज गर्व से घोषणा करता है कि वह नॉन–वेस्ट (गैर–पश्चिम) है, एंटी–वेस्ट (पश्चिम विरोधी) नहीं। अगर पश्चिम आज भारत को ग्लोबल साउथ के लिए अपने पुल के रूप में देख रहा है तो यह अकारण नहीं है। मोदी और जयशंकर की चतुर कूटनीति ने सुनिश्चित किया है कि भारत का कई हितधारकों के साथ जुड़ाव निर्बाध जारी रहे। दूसरे छोर पर है एक घटती हुई शक्ति रूस, जिसने यूरेशिया में भू–राजनीतिक संतुलन को बदल दिया है।





## अभिषेक बच्चन ने शादी पर रणबीर कपूर और कार्तिक को दी थी सलाह

अभिषेक बच्चन इस वक्त अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चा में हैं। ऐश्वर्या राय से उनके रिश्ते खराब होने की बातें चल रही हैं। अंबानी शादी में दोनों का अलग–अलग पहुंचना, हर किसी को खल गया। मन में तमाम सवाल आने लगे कि क्या ये तलाक ले रहे हैं। इस बीच उनका एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार्तिक आर्यन और रणबीर कपूर के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें वह शादी पर सलाह देते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय से साल 2007 में शादी की थी। इन्हें एक बेटी हुई, जिसका नाम आराध्या बच्चन है। वह अक्सर अपनी मां के साथ ही रहती हैं। अब इस वायरल वीडियो में अभिषेक से रणबीर कपूर को शादी के बारे में सलाह देने के लिए कहा गया। अमिताभ बच्चन के लाडले ने एकदम सीधा जवाब दिया, श्उसे सलाह की जरूरत नहीं है। देखिए, उसने शादी करने का फैसला किया। उसने आलिया से शादी की क्योंकि वह एक–दूसरे से प्यार करते हैं। और ये चीज ही सबसे ज्यादा मायने रखती है। एक–दूसरे से प्यार करें। एक–दूसरे का सम्मान करें। यही मायने रखता है। रणबीर कपूर ने अभिषेक को बीच में रोकते हुए, मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें कार्तिक आर्यन को भी शादी की सलाह देनी चाहिए। तो इस पर कार्तिक ने कहा, श्वह तो बोल रहे थे कि शादी ही मत करो।श ये सुनते ही तीनों हंस पड़े।

## 16 साल बाद कुश शाह ने कहा अलविदा, ये शख्स बना नया गोली

टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने भी अब इस शो को अलविदा कह दिया है। मेकर्स की ओर से जारी वीडियो में इस बात की जानकारी दी गई है। सबसे लंबे समय तक चलने वाला टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा को लोगों ने काफी पसंद किया है। हालांकि, पिछले कुछ साल में इस शो के कई कलाकारों ने बाय–बाय बोल दिया है और नया नाम कुश शाह का है। इस शो के किसी भी किरदार की बात करें तो लोगों ने हर किसी को भरपूर प्यार दिया है। चाहे वो जेठालाल हो या बबीता जी या फिर भिड़े या पोपटलाल। इस सीरियल में टप्पू सेना का भी अलग अंदाज था और लोगों ने इन बच्चों के ग्रुप को भी काफी पसंद किया। अब इस टप्पू सेना के एक और सदस्यशो से अलविदा ले रहा है। बताया जा रहा है कि जहां गोली इस शो को बाय–बाय कर रहे हैं।


## अनंत अंबानी–राधिका की शादी का लंदन में नहीं होगा जश्न?



अरबपति बिजनस मैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने 12 जुलाई को मुंबई में गर्लफ्रेंड राधिका मर्चेंट से शादी की। शादी के बाद तीन दिनों तक धूम–धाम से रिसेप्शन पार्टी में जश्न मनाया गया। अब जब शादी की रस्में खत्म हो गई हैं, तब ब्रिटेन के अखबार द सन ने रिपोर्ट में दावा किया कि अंबानी परिवार लंदन में वेडिंग पार्टी देने वाली है। यह भी कहा गया है कि वहां 7–स्टार होटल स्टोक पार्क को दो महीनों के लिए बुक किया गया है। लेकिन अब खुद होटल ने इन दावों को खारिज किया है। स्टोक पार्क एस्टेट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इन रिपोर्ट्स का खंडन किया है। इसमें अंबानी परिवार का नाम तो नहीं लिया गया है, लेकिन कहा गया है कि उनके यहां ऐसी किसी वेडिंग पार्टी नहीं हो रही है। जानकारी के लिए बता दें कि लंदन के हाई प्रोफाइल स्टोक पार्क स्टेट को 2021 में ही मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 57 मिलियन पाउंड में लीज पर लिया था। इसके बाद से यहां रेनोवेशन का काम चल रहा था। होटल स्टोक पार्क ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है, श्स्टोक पार्क में हम आमतौर पर प्राइवेट मामलों पर कोई टिप्पणी नहीं करते हैं। लेकिन हाल ही में मीडिया में आई अटकलों और सटीक जानकारी के हित में, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस साल गर्मियों में हमारे एस्टेट में शादी का कोई जश्न आयोजित नहीं किया जा रहा है।

# मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर एयरपोर्ट पर आए नजर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*इन दिनों लगातार मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के ब्रेकअप की खबरें चल रही हैं। वहीं पिछले कुछ समय से दोनों ने सोशल मीडिया पर जमकर क्रिप्टिक पोस्ट किए हैं, जिससे ऐसा लगने लगा था कि दोनों ने अपने–अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। अब शुक्रवार 26 जुलाई को एयरपोर्ट पर मलाइका और अर्जुन एक बार फिर नजर आए और कहा जा रहा है कि ये लोग अपने वकेशन पर निकल चुके हैं। वहीं अर्जुन कपूर ने एक नया पोस्ट किया है। जहां पिछले काफी समय से दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं, वहीं इस वक्त उनकी एयरपोर्ट की झलकियां सबको हैरान भी कर रही हैं। हालांकि, इस वीडियो में दोनों साथ नजर नहीं आ रहे हैं। फेमस पपराजी विरल भयानी ने उनका वीडियो पोस्ट किया है जिसमें दोनों अलग–अलग एयरपोर्ट के अंदर जाते दिख रहे हैं।*

**लोगों ने कहा- दोनों का पैचअप हो गया क्या?**

वहीं इस वीडियो को देखकर काफी लोगों ने हैरानी जताई है। एक ने पूछा है– दोनों का पैचअप हो गया क्या? वहीं कुछ ने लिखा है– आपलोग प्लीज ब्रेकअप मत करो, साथ में अच्छे दिखते हो।

**हर नेक काम आपकी आत्मा की सुंदरता को दिखाता है**

इस पोस्ट में बताया गया है कि ये दोनों वकेशन पर निकले हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने ऐसा कुछ अब तक पोस्ट नहीं




किया है, लेकिन लोग अनुमान लगा रहे हैं कि इनके बीच सब ठीक हो गया है। वहीं मलाइका ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है जिसमें लिखा है, श्हर मुस्कुराहट, हर प्यारा शब्द, हर नेक काम आपकी आत्मा की सुंदरता को दिखाता है।

**अर्जुन कपूर ने शेयर की कई तस्वीरें**

वहीं एक पोस्ट अर्जुन कपूर ने भी किया है। अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें बारिश, नेचर, खाना–पीना और काम का जुनून भी दिख रहा है। इस पोस्ट में अर्जुन बारिश का लुत्फ उठाते हुए स्विमिंग पूल में स्विमिंग करते दिख रहे हैं, वहीं एक अन्य तस्वीर में वह सोफे पर बैठकर बाहर का नजारों को आनंद लेते दिख रहे हैं। अर्जुन ने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है– काम और खेल दोनों और उन्होंने कुछ हैशटैग्स लिखे हैं जिसमें वर्क वकेशन वाइब्स और काम प्रगति पर है जैसे टैग्स हैं। वहीं एक यूजर ने अर्जुन के पोस्ट पर लिखा है– आखिरी वाली फोटो बेस्ट है।

**अर्जुन कपूर की अगली फिल्में**

अर्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मुदस्सर अजीज के डायरेक्शन में बनी फिल्म मेरी पत्नी का में नजर आएंगे, जिसमें भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह भी हैं। इसके अलावा वह रोहित शेट्टी की एक्शन फिल्म सिंघम अगेन में भी नजर आनेवाले हैं, जिसमें वो विलन की भूमिका में दिखने वाले हैं।

# फराह खान की मां मेनका ईरानी का 79 की उम्र में निधन

*फराह खान और साजिद खान की मां मेनका ईरानी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह 79 साल की थीं। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। हाल ही में फराह ने अपने व्लॉग में उन्हें दिखाया भी था, जब वह उनके घर गई थीं। वहां उनकी मां ने कुर्सी पर बैठकर कुक को इंस्ट्रक्शन भी दिए थे।*



कोरियोग्राफर–निर्देशक फराह खान और निर्देशक साजिद खान की मां मेनका ईरानी का शुक्रवार 26 जुलाई को को मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं। मेनका चाइल्ड आर्टिस्ट डेजी ईरानी और हनी ईरानी की बहन थीं। उन्होंने बचपन (1963) फिल्म में भी बतौर एक्ट्रेस काम किया था, जिसमें सलमान खान के पिता और स्ट्रीनराइटर सलीम खान भी थे। बाद में उन्होंने फिल्म निर्माता कामरान से शादी कर ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेनका पिछले कुछ समय से बीमार थीं। फराह खान और साजिद खान की मां मेनका ईरानी हाल ही में डायरेक्टर–कोरियोग्राफर के व्लॉग में भी नजर आई थीं। जब फराह उनसे मिलने के लिए अपने कुक दिलीप के साथ गई थीं। वहां उन्होंने खाना भी पकाया था और मां ने कुर्सी पर बैठकर उसे इंस्ट्रक्ट किया था। लेकिन अब उनके जाने से साजिद खान अकेले हो गए। फराह और साजिद, दोनों को अभी तिशा कुमार के अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट पर देखा गया था।

**12 जुलाई को मां मेनका को फराह ने दी थी जन्मदिन की बधाई**

दो हफ्ते पहले ही फराह खान ने मां का 79वां जन्मदिन मनाया था। फराह ने तस्वीरें पोस्ट की थीं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा था, श्हम सभी अपनी माओं को हल्के में लेते हैं, खासकर मैं। लेकिन अब खुलासा हो गया है कि मैं अपनी मां मेनका से कितना प्यार करती हूं.. वह अब तक की सबसे मजबूत, सबसे बहादुर इंसान हैं। कई सर्जरी के बाद भी उनका सेंस ऑफ ह्यूमर बरकरार है। जन्मदिन मुबारक हो मां!

**फराह और साजिद खान के पिता का निधन कैसे हुआ था?**

फराह खान के पिता कामरान खान भी इस दुनिया में नहीं हैं। साजिद खान ने बिग बॉस 16 में बताया था कि कैसे उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी थीं। जिसके बाद वह अपना सारा पैसा नशे में गंवाने लगे थे। उन्हें शराब की लत हो गई थी। इस कारण तबीयत भी खराब हो गई थी। और उसके बाद उनका निधन हो गया था। इस वक्त इनकी जेब में सिर्फ 30 रुपये थे। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए साजिद ने पैसे इकट्ठा किए थे।

# लिवर को खराब करती हैं ये चीजें, तुरंत बंद कर दो बच जाओगे



*लिवर को हेल्दी रखना बेहद जरूरी है। किसी भी कारण से अगर लिवर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है, तो हेपेटाइटिस, सिरोसिस, पथरी जैसी जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। डॉक्टर सरीन से जानिए कैसे हम इनसे बच सकते हैं।*

लिवर शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। खाना पचाने से लेकर खून साफ करने तक लिवर सभी काम करता है। किसी भी कारण अगर लिवर बीमार पड़ जाए तो पूरी सेहत बिगड़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स लिवर को हेल्दी रखने की सलाह देते हैं। अगर लिवर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है, तो हेपेटाइटिस जैसी बड़ी समस्या हो सकती हैं। हम अपने लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, यहां देश के नामचीन लिवर एक्सपर्ट बता रहे हैं।

**अल्कोहल**

घ्लिवर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सरीन के मुताबिक शराब का अत्यधिक सेवन लिवर को डैमेज कर सकता है। अल्कोहल लिवर में जाकर फैट इकट्ठा करता है और उसमें सूजन पैदा कर उसे हेपेटाइटिस का शिकार बना देता है। हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जो वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है। इसमें लिवर में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस में ए,बी,सी,डी और ई वायरस होते हैं।

**फैट**

अत्यधिक फैट को लिवर की हेल्थ के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। डॉक्टर सरीन में मुताबिक लिवर अगर 1500 ग्राम का है तो प्रति सेल्स फैट 5 हो सकता है। उससे ज्यादा में नहीं होना होना चाहिए। आसान भाषा में समझें तो जब फैट आपके लिवर के कुल भार का 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत से अधिक हो जाता है, तो आपको फैटी लिवर की समस्या होती है।

**ये लक्षण बताते हैं लिवर ठीक नहीं**

बहुत अधिक थकान, उल्टी या जी मिचलाना, पेट दर्द और सूजन, भूख न लगना या कम लगना, यूरीन का रंग बदलना और जॉन्डिस या पीलिया होना हेपेटाइटिस के कुछ बड़े लक्षण हैं। इन्हें इग्नोर नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

**गलत खानपान**

आप ऐसी चीजें न खाएं जो कि लिवर में फैट को बढ़ा सकती है। एक्स्ट्रा शुगर, साल्ट, और सैचुरेटेड फैट को पचाना लिवर के लिए मुश्किल हो होता है वो बीमार पड़ जाता है। स्वाद के नाम पर लोग जमकर तला–भुना खाना पसंद करते हैं, जोकि लिवर का दुश्मन बन रहा है।

# लोगों की जान ले रहा है चूहों से फैलने वाला ये वायरस

*अमेरिका में चूहों से फैलने वाला हंता वायरस ने भी लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक जनवरी से एक जुलाई, 2024 के बीच हंतावायरस पल्मोनरी सिंड्रोम के सात लोगों को अपना शिकार बना चुका है, जिसके परिणामस्वरूप एरिजोना में तीन मौतें हुई हैं।एरिजोना में हंता वायरस से तीन लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। एक गंभीर श्वसन रोग है। ऐसे में जानना जरूरी कि ये कैसे फैलता है।*

**हंता वायरस कैसे करता है संक्रमित?**

यह वायरस मुख्य रूप से ग्रैंड कैन्यन राज्य में पाए जाने वाले हिरण चूहों से फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं, जो तेजी से सांस लेने में तकलीफ का रूप ले सकते हैं। आमतौर पर हंता वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। लेकिन यह किसी खास क्षेत्र तक सीमित नहीं है, जोकि इसे खतरनाक बनाता है।

**हंता वायरस के मुख्य लक्षण क्या है?**

हंता वायरस के लक्षणों में थकान, बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द, ठंड लगना, मतली, उल्टी और पेट दर्द शामिल हैं। बाद के लक्षणों में खांसी और सांस लेने में तकलीफ शामिल है। रीनल सिंड्रोम के साथ रक्तस्रावी बुखार के लक्षण 1–8 सप्ताह के बाद



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



दिखाई देते हैं, जिससे सिरदर्द, दर्द, बुखार, ठंड लगना, मतली और धुंधली दृष्टि होती है। गंभीर मामलों में लो ब्लड प्रेशर और किडनी फेलियर की दिक्कत हो सकती है।

**हंता वायरस का सही इलाज क्या है?**

हंता वायरस के निदान के लिए कोई विशिष्ट उपचार, इलाज या टीका नहीं है। हालांकि, अगर संक्रमितों की पहचान जल्दी हो जाती है तो वो ठीक हो जाते हैं। स्थिति गंभीर होने पर मरीजों को इंटुबैट किया जाता है और गंभीर श्वसन संकट की अवधि में उनकी मदद करने के लिए ऑक्सीजन थेरेपी दी जाती है।

**हंता वायरस में मृत्यु दर 38 प्रतिशत तक**

हंता वायरस में मृत्यु दर 38 प्रतिशत होती है और इस बीमारी का पता लगने में एक से आठ हफ्तों का वक्त लग सकता है। HPS का एक परिवार है जो मुख्य रूप से कृन्तकों द्वारा फैलता है और दुनिया भर में लोगों में विभिन्न रोग सिंड्रोम का कारण बन सकता है।



## काजू–बादाम का बाप हैं ये देसी फल, सबसे तगड़ा था ये फल

राजा महाराजा शारीरिक रूप से शक्तिशाली हुआ करते थे। युद्ध के दौरान एक–एक राजा सैकड़ों सैनिकों पर भारी पड़ता था। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, चन्द्रगुप्त मौर्य और टीपू सुलतान जैसे कई राजा–महाराजाओं के बहादुरी के किस्से आज भी सुने जाते हैं। इतनी बड़ी सत्ता, प्रशासन, सैनिक, बड़े–बड़े घराने, प्रजा और एक साथ कई पत्नियां रखना, इन सब कामों के लिए शारीरिक रूप से तगड़ा बना रहना जरूरी हुआ करता था। जाहिर है इतनी ताकत और बल पाने के लिए खाने–पीने का ध्यान रखना पड़ता था। राजा–महाराजाओं के खाने में ज्यादातर देसी चीजें शामिल होती थी। आज हम आपको कुछ ऐसे देसी फलों के बारे में बता रहे हैं जिनका भारत में राजाओं और राजघरानों में आनंद लिया जाता था। इन फलों में वो सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी हैं। फलों के राजा कहे जाने वाले आमों को मीठे, रसीले स्वाद और भरपूर पोषण मूल्य के लिए अत्यधिक महत्व दिया जाता है। मुगलों सहित भारतीय राजा और सम्राट आमों के विशेष शौकीन थे। कहा जाता है कि सम्राट अकबर ने बिहार के दरभंगा में लखी बाग नामक स्थान पर 100,000 से अधिक आम के पेड़ लगाए थे।

## सदियों पहले योग गुरुओं ने बता दिया था तनाव मिटाने का तरीका

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। वर्क डेडलाइन से लेकर पर्सनल कमिटमेंट तक, हम अक्सर खुद को बोझिल और थका हुआ पाते हैं। हालांकि योग का प्राचीन अभ्यास तनाव से निपटने के लिए एक शक्तिशाली समाधान प्रदान करता है। शारीरिक आसनों, ब्रीदिंग एक्सरसाइज और माइंडफुलनेस तकनीक के मिक्सचर से योग मन और शरीर को शांत करने में मदद कर सकता है, जिससे आप आंतरिक शांति और शांति पा सकते हैं। योग में तनाव से राहत के लिए सबसे प्रभावी तकनीकों में से एक है प्राणायाम यानी कंट्रोल ब्रीदिंग एक्सरसाइज। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारी सांस उथली और अनियमित हो जाती है। प्राणायाम सांस को रेगुलेट करने में मदद करता है, गहरी और लयबद्ध सांस को बढ़ाता है। यह अभ्यास न केवल मन को शांत करता है बल्कि पूरे शरीर में ऑक्सीजन के प्रवाह को भी बढ़ाता है, जिससे रिलैक्सेशन को बढ़ावा मिलता है। योग मुद्राएं या आसन, शारीरिक तनाव को मुक्त करने और लचीलापन, शक्ति और संतुलन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## 3 क्विंटल नकली आटा जब्त, मिला रहे थे पत्थर का पाउडर



मिलावटी और नकली तरीके से बनाई खाने–पीनी की चीजों के सेवन सेहत को कई गंभीर बीमारियां और जान का खतरा भी हो सकती है। दुर्भाग्यवश भारत में खाने–पीने की लगभग सभी चीजों में मिलावट की जाती है। व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए आटा, चावल, तेल, डाल, दूध, चीनी, फल, सब्जी और मसाले लगभग चीजों में मिलावट कर रहे हैं या उन्हें नकली तरीके से बना रहे हैं। ताजा मामला अलीगढ़ का है, जहां अधिकारीयों ने मिलावटी 3 क्विंटल पैक्ड आटा सील किया है। हैरानी की बात यह है कि यह फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी। इस फैक्ट्री में पंचवटी गोल्ड नाम की पैकिंग में गेहूं का आटा बनता है। इस आटे में सेलखड़ी मिलाया जा रहा था। सेलखड़ी एक तरह का सफेद पत्थर होता है जिसे पीसकर आटे में मिलाया जाता है। खाने पीने की चीजों की गुणवत्ता पर नजर रखने वाली देश की सबसे बड़ी एफएसएसएआई के नियमों की धज्जियां उड़ाना ऐसे व्यापारियों का धंधा बन चुका है। ऐसे लोगों को किसी की जान की परवाह नहीं है। चलिए जानते हैं कि आपके आटे को किस तरह जहर बनाया जा रहा है और इससे आपकी सेहत को क्या नुकसान हो सकते हैं और आप आटे में मिलावट की कैसे पहचान कर सकते हैं।



**कजाकिस्तान ने जीता ब्रॉन्ज मेडल**

कजाकिस्तान की जोड़ी एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में इस जोड़ी के सामने जर्मनी की चुनौती थी। एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने 630.8 अंक के साथ इस मैच के लिए क्वालिफाई किया था। ब्रॉन्ज मेडल का मुकाबला एकतरफा रहा। अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच की जर्मन जोड़ी 17–5 से हार गई। इस तरह 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के सभी तीन मेडल एशियाई देश को खाते में आए।

## चीन ने जीता पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। 2024 पेरिस ओलिंपिक का पहला गोल्ड मेडल चीन के खाते में गया है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में चीन ने साउथ कोरिया को 16–12 से हराया। हुआंग यूटिंग और शेंग लिहाओ ने यह गोल्ड मेडल जीता। यूटिंग 19 साल के हैं तो शेंग की उम्र सिर्फ 17 साल है। क्वालिफिकेशन राउंड में भी चीन की जोड़ी टॉप पर थी। यह जोड़ी इस इवेंट की वर्ल्ड चैंपियन भी है। साउथ कोरिया के केउम जिहयेन और हाजुन पार्क को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। ओलिंपिक में यह हुआंग यूटिंग का दूसरा मेडल है। 16 साल की उम्र में उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया था। शेंग लिहाओ ने 17 साल की उम्र में अब लगभग सभी इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिए हैं। उनके नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीन गोल्ड हैं। इसके अलावा पिछले साल एशियन गेम्स में भी उन्होंने तीन गोल्ड मेडल जीते थे। क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप–2 पर रहने वाली जोड़ी के बीच खिताबी मुकाबला होता है। फाइनल में हर राउंड के विजेता को दो पॉइंट मिलते हैं। हर टीम का एक शूटर एक–एक बार शूट करता है।

# गौतम गंभीर के पास पहुंची राहुल द्रविड़ की खास दुआ

**क्रिकेट**

## द्रविड़ के मैसेज को सुनकर भावुक हो गए गौतम गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर ने अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया इस समय श्रीलंका में है और तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा ले रही है। सीरीज की शुरुआत से पहले गंभीर को टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ से शुभकामनाएं मिली हैं। द्रविड़ ने उम्मीद जताई है कि जो यादें, जो पल उन्होंने सहेजे हैं गंभीर के हिस्से भी आएं।

राहुल द्रविड़ ने साल 2021 के अंत में टीम इंडिया के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके हिस्से ये काम तब आया था जब भारत टी20 वर्ल्ड कप–2021 में बुरी तरह से फ्लॉप रहा था। द्रविड़ के कोच रहते हालांकि टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप–2024 का खिताब अपने नाम किया। भारत 17 साल बाद इस खिताब को जीतने में सफल रहा और द्रविड़ को एक शानदार विदाई मिल सकी।



बीसीसीआई ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें गंभीर लैपटॉप पर राहुल द्रविड़ का खास मैसेज सुनते हैं। इस ऑडियो में द्रविड़, गंभीर से कहते हैं, हैलो गौतम, टीम इंडिया के कोच तौर पर हमारी दुनिया की सबसे शानदार नौकरी में आपका स्वागत है। मैंने जिस अंदाज में टीम इंडिया के कोच का सफर खत्म किया वो सपने से परे था और उसे अब तीन सप्ताह हो चुके हैं। बारबाडोस और इसके कुछ दिन बाद मुंबई में शाम को जो हुआ था वो शानदार था। मैं किसी भी चीज से ज्यादा इस टीम के साथ इकट्ठा की गई यादें, दोस्ती को सहेज कर रखूंगा। अब आप कोच हो तो मैं आपके लिए भी यही दुआ करूंगा।

द्रविड़ ने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि आप को पूरी तरह से फिट खिलाड़ियों की टीम मिले। इसके लिए आपको गुड लक। आप जानते हैं कि हम कोचेस को अपने आप को जैसे हम हैं उससे थोड़ा चालाक, स्मार्ट दिखाना पड़ता है, इसके लिए भी मैं आपको गुड लक कहना चाहता हूं।

गंभीर राहुल द्रविड़ का मैसेज सुनकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि राहुल द्रविड़ ने हमेशा वो किया जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा, राहुल द्रविड़ वो शख्स हैं जिनको मैं काफी पहले से मानता हूं। मैंने कई बार कहा है कि मैं जितने भी खिलाड़ियों के साथ खेला हूं उनमें से राहुल भाई वो क्रिकेटर हैं जो अपने लिए कभी नहीं खेले। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए हर वो काम किया जो जरूरी था।

# बीसीसीआई ने आईसीसी से हाइब्रिड मॉडल की मांग की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है। ऐसे में भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। सुरक्षा कारणों के चलते सरकार ने अब तक टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है। इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने सरकार और बीसीसीआई का समर्थन किया था। हरभजन का समर्थन पाकिस्तान को पसंद नहीं आया और वह गाली–गलौज पर उतर आया।

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर तनवीर अहमद ने सोशल मीडिया पर हरभजन सिंह के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने शब्दों की मर्यादा तक लांघ दी है।

- ■पाकिस्तान में होना है चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन
- ■अब गाली–गलौज पर उतर आया पाकिस्तान!

हरभजन सिंह ने हाल ही एक इंटव्यू में पाकिस्तान में भारतीय टीम की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की थी। भज्जी ने कहा था, भारतीय टीम को पाकिस्तान क्यों जाना चाहिए? पाकिस्तान में सुरक्षा को लेकर चिंता है। स्थिति ऐसी है कि घटनाएं लगभग रोजाना होती हैं। टीम के लिए वहां जाना सुरक्षित नहीं है। बीसीसीआई का रुख बिल्कुल सही है। हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। मैं बीसीसीआई के फैसले का पूरा समर्थन करता हूं। भज्जी के इस बयान पर तनवीर अहमद ने उनकी आलोचना की है।

तनवीर अहमद ने एक्स पर लिखा, अरे हरभजन सिंह, पाखंडी! अगर आप कहते हैं कि भारत को पाकिस्तान नहीं जाना चाहिए, तो आप पाकिस्तानी खिलाड़ियों से क्यों मिलते हैं? हम यह भी जानते हैं कि आपके देश में किस तरह के पाखंडी हैं। अगर भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाती है तो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में भी हो सकता है। इससे पहले एशिया का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेले थे।

## खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमीः जयसूर्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सनथ जयसूर्या भारत के विरुद्ध सीरीज के दौरान टीम के अंतरिम कोच नियुक्त किए गए हैं। श्रीलंकाई टीम के हाल के दिनों में संघर्ष को लेकर जयसूर्या का मानना है कि टीम कमजोर नहीं है, केवल खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी हो गई है। इस पर वह टीम के साथ काम कर रहे हैं और भारत के विरुद्ध शनिवार से शुरू होने वाली सीरीज में इसका सकारात्मक परिणाम अवश्य दिखेगा। भारत एक बहुत ही मजबूत टीम है। हमने विश्व कप में देखा कि उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया। इस वक्त वह विश्व की शीर्ष टीम है। इस सीरीज में उन्हें हमारे घर पर खेलना है। परिस्थितियां हमारी टीम के अनुकूल होंगी, लेकिन इसके बावजूद यह सीरीज आसान नहीं होने वाली है। हमारी टीम में भी कई अच्छे क्रिकेटर हैं। मुझे आशा है कि हमारे खिलाड़ी भारत के विरुद्ध अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## न्यूज डायरी



### टीम इंडिया को टेस्ट में भी मिलेगा नया उपकप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शुभमन गिल बांग्लादेश के खिलाफ आने वाली टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह की जगह भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान बना जा सकते हैं। श्रीलंका दौरे पर वह वनडे और टी20 टीम के उपकप्तान हैं। रेवस्पोर्ट्ज के अनुसार गिल को टेस्ट क्रिकेट में भी अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। गिल को इस समय सभी प्रारूपों में कप्तानी के बड़े दावेदारों में से एक माना जाता है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज की बात करें तो पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 27 सितंबर को नागपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा। श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के जाने से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने मीडिया से बात की थी। वहां अगरकर ने बताया था कि गिल को क्यों उपकप्तान बनाया गया। उन्होंने कहा था, श्हमें लगता है कि शुभमन एक मजबूत उम्मीदवार हैं। वह सभी प्रारूपों में खेलते हैं और पिछले साल ड्रेसिंग रूम से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर उन्होंने अच्छे गुण दिखाए हैं। हम चाहते हैं कि वह सूर्या या रोहित जैसे खिलाड़ियों से सीखें। इस तरह, अगर चोट लगती है या फॉर्म खराब होती है तो हमें कप्तान के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। हम उन्हें आगे विकसित होने के लिए अनुभव देना चाहते हैं। कोई गारंटी नहीं है, लेकिन यही मौजूदा योजना है।

### ओलिंपिक में एथलीटों को बांटे जाएंगे 2 लाख कंडोम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। खेल के महाकुंभ ओलिंपिक की शुरुआत हो चुकी है। रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी के साथ ही अलग–अलग खेलों से जुड़े 10 हजार से अधिक एथलीट पेरिस में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान 200 से अधिक देश के खिलाड़ी पेरिस ओलिंपिक के खेल गांव में एक साथ समय बिताएंगे। यही कारण है कि ओलिंपिक संघ के द्वारा पेरिस के खेल गांव में करीब 2 लाख से अधिक कंडोम एथलीटों को बांटे जाएंगे। इसमें हर एथलीट को लगभग 14 कंडोम दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एथलीटों को एक खास तरह का लव किट भी दिया जा रहा है। इसमें कंडोम के अलावा इंटीमेसी के लिए अलग–अलग चीजें भी होंगी। बता दें कि खेल गांव में दिए जाने वाले वेलकम किट में डेंटल डेम्स भी दिए जा रहे हैं। दरअसल डेंटल डेम्स ओरल इंटीमेसी के लिए इस्तेमाल की जाती है, जिससे की किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचा सके। ओलिंपिक ऐसा पहली बार किया जा रहा है। यही कारण है कि पेरिस ओलिंपिक में एथलीटों के इंटीमेसी का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। टोक्यो ओलिंपिक में कोविड प्रोटोकॉल के कारण एथलीटों के इंटीमेसी पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि, पेरिस ओलिंपिक में इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। यही कारण है कि ओलिंपिक संघ की तफ से एथलीटों के लिए हर तरह की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

### स्मृति मंधाना ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर शान से बनी नंबर–1

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार अर्धशतक जमाकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। बाएं हाथ की महिला बैटर ने दांबुला में खेले गए मुकाबले में 39 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 रन बनाए। इसी के साथ स्मृति मंधाना टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 28 साल की मंधाना ने 140 मैचों में 25 अर्धशतकों की मदद से 3433 रन बनाए हैं। भारतीय महिला बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में हरमनप्रीत कौर दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। हरमनप्रीत कौर के 172 मैचों में एक शतक और 12 अर्धशतकों की मदद से 3415 रन हैं। कौर को महिला एशिया कप के सेमीफाइनल मुकाबले में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज 89 मैचों में 17 अर्धशतकों की मदद से 2364 रन बनाकर तीसरे स्थान पर काबिज हैं। जेमिमा रॉड्रिग्ज भारतीय महिला बैटर्स में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर हैं।

परमार्थ निकेतन कांवड मेला चिकित्सा व पर्यावरण जागरूकता शिविर का विधिवत उद्‌घाटन।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा निगम कर्मियों को मानकों की जानकारी दी

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से शनिवार को उत्तराखंड पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के लिए उर्जा भवन देहरादून में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार, निदेशक वित्त कमल शर्मा, कार्यकारी निदेशक एचआर आरजे मलिक, निदेशक एवं प्रमुख मानक ब्यूरो दून शाखा सौरभ तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिवारी ने राज्य में बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की सुरक्षा, टिकाऊपन और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। मौके पर श्याम कुमार, सचिन चौधरी, नितीश जैन, सौरभ चौरसिया, सुरिंदर सिंह कंवर, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### हरबंसवाला टी स्टेट संपर्क मार्ग का पुनर्निर्माण होगा

**संवाददाता** देहरादून। हरबंसवाला टी स्टेट संपर्क मार्ग के पुनर्निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को एसडीएम सदर हरगिरी ने पीडब्ल्यूडी और टी स्टेट कंपनी के अधिकारियों के साथ इस मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी को संपर्क मार्ग के पुना निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय नेता रतन सिंह चौहान ने बताया कि इस संपर्क मार्ग का दो साल से बहुत बुरा हाल है, जगह जगह गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण आने–जाने वालों को बड़ी कठिनाई हो रही थी। उनकी मांग पर प्रशासन ने संपर्क मार्ग के निर्माण की कार्यवाही शुरू दी है।

### बाल आयोग अध्यक्ष के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा

**संवाददाता** देहरादून। सार्वजनिक कार्यक्रम में शिक्षकों के खिलाफ की गई बाल आयोग अध्यक्ष डा. गीता खन्ना की टिप्पणी के बाद उपजा विवाद और तेज हो गया है। शिक्षकों ने अब उनके खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। वे 29 जुलाई से तीन तक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। इसके लिए विभाग और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को भी ज्ञापन भेजा गया है।

### सुभई के पीड़ित दलित परिवारों को मिले सुरक्षा

**संवाददाता** देहरादून। सुभई जोशीमठ के पीड़ित दलितों परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सीपीएम के प्रतिनिधिमंडल ने अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान से को ज्ञापन सौंपा। सीपीएम उत्तराखंड के राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी ने अधिकारी को पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाया। साथ ही इस तरह की अन्य घटनाओं की जानकारी दी।

# उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है: सीएम

**अनुरोध**

■ नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने हिमालयी राज्यों के लिए विशिष्ट नीतियां बनाने का किया अनुरोध

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में उत्तराखण्ड भी निरंतर कार्य कर रहा है। उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है, इस बार के केन्द्रीय बजट में इसको दृष्टिगत रखते हुए विशेष वित्तीय प्राविधान किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इंडेक्स रैंकिंग में उत्तराखण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य ने ‘समान नागरिक संहिता’ विधेयक को उत्तराखण्ड में पारित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों में पेयजल का गंभीर संकट दिखाई दिया है, इस समस्या के समाधान के लिए भू जल स्तर बढ़ाने के साथ–साथ जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में इसके लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन ऑथोरिटी का गठन किया है, जो जल संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने की परियोजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकि सहयोग का अनुरोध किया।

सीएम ने कहा कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसके लिए कलस्टर आधारित इंक्यूबेशन सेंटर तथा ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उत्तराखण्ड में पायलट प्रोजक्ट के रूप में दो रूरल इंक्यूबेशन सेंटर तथा 110 ग्रोथ सेंटर स्थापित किये गये हैं। उन्होंने इंक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार से तकनीकि और वित्तीय सहयोग के लिए अनुरोध किया। ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए राज्यों को 25 मेगावाट से कम क्षमता की जल विद्युत परियोजनाओं के अनुमोदन तथा क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान करने तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रस्तावित 24 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी के प्रस्ताव को पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ही हिमालयी राज्यों में भी लागू करने का अनुरोध किया। पीएम कृषि सिंचाई योजना’ की गाईडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को शामिल करने के लिए भी सीएम ने अनुरोध किया।

सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष नीति आयोग की आठवीं बैठक में हिमालयी राज्यों के विकास संबंधित कुछ प्रस्ताव रखे गये थे, उन प्रस्तावों पर हिमालयी राज्यों के परिपेक्ष में विशिष्ट नीतियां बनाने का उन्होंने अनुरोध किया।

### शहरी क्षेत्र ग्रोथ इंजन के रूप में देते है विशेष योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र में उनके शहरी क्षेत्र ग्रोथ इंजन के रूप में विशेष योगदान देते हैं। रोजगार सृजन बड़े शहरों में अधिक होता है, जिस कारण इन शहरों में अत्यधिक जनसंख्या के कारण मूलभूत सुविधाएं देना कठिन हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए देश के विभिन्न शहरों के बीच ‘काउंटर मैग्नेट एरियाज’ विकसित करने होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना शोध विकास एवं नवाचार के लिए ए.आई रेडीनेस और क्वांटम रेडीनेस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### लोकसभा चुनाव में बेहतर काम करने वाले अफसर और कर्मचारी सम्मानित

देहरादून। लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को शनिवार को मसूरी के एक होटल में सम्मानित किया गया। एसडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मान पत्र दिए। लाइब्रेरी स्थित होटल के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में एसडीएम डा. दीपक सैनी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। साथ ही चुनाव में सहयोग के लिए आभार जताया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी ने बताया कि उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, वन विभाग, छावनी परिषद, तहसील आदि विभागों से चुनाव डयूटी में तैनात किए गये 40 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इससे अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है तथा कार्य के प्रति समर्पित भावना से कार्य करने की इच्छा शक्ति को बल मिलता है।

# जिम्मेदारियों को निभाने का लिया संकल्प

**शपथ ग्रहण**

■विधायक काजी निजामुद्दीन और लखपत सिंह बुटोला ने ग्रहण की शपथ

**संवाददाता**



देहरदून। विधानसभा भवन देहरादून में शनिवार को मंगलौर विधानसभा और बद्रीनाथ विधानसभा के उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक काजी निजामुद्दीन और लखपत सिंह बुटोला ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। यह शपथ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दिलाई। नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण करने के बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने दोनों विधायकों को बधाई दी और उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास और राज्य के हित में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और विधायकों ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और आगामी सत्र में दोनों विधायकों के सक्रिय योगदान की उम्मीद जताई।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह और कांग्रेस के अन्य विधायक उपस्थित रहे।

### पुलिस के चिकित्सा शिविर में 500 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस लाइन देहरादून में शनिवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को मिलकर 500 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न जांचे निशुल्क की गई। पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करण सिंह नगन्याल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। पुलिस कर्मियों को निः शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ बोन डेंसिटी टेस्ट, फाईब्रो स्कैन, ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ईसीजी आदि टेस्टों की निःशुल्क सुविधा दी गई। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस और उनके परिवारजनों के लिए समय–समय पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। कृष्णा मेडिकल सेंटर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल इंदर रोड, डालनवाला के सहयोग से पुलिस चिकित्सालय, पुलिस लाइन में शिविर लगाया गया था।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।